हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियां हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती है। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

### मौसम में तब्दीली

**राजनांदगांव।** अप्रैल माह के मध्यान्ह में मौसम लगातार तब्दील हो रही है। विगत 3-4 दिनों से आसमान में बदली और बारिश का वातावरण रहा। जिससे तापमान में गिरावट बनी रही। सोमवार को अचानक तेज धूप और गर्मी का वातावरण निर्मित रहा। हालांकि आज भी जिले के कुछेक क्षेत्र में हल्की-फुल्की बारिश हुई।

# आरटीई: 1703 सीटों के लिए तीन गुना आवेदन, आत्मानंद: पोर्टल की सुस्ती परेशानी

## नए सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया तेज, स्कूलों में पढ़ाई भी शुरू


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नए सत्र में दाखिले के लिए आरटीई के साथ ही आत्मानंद स्कूलों में भी आवेदन प्रक्रिया जारी है। आरटीई के तहत जिले के पौने दो सौ स्कूलों की 1703 सीटों के लिए आवेदन का पहला चरण सोमवार को समाप्त हो गया है। अंतिम समय से पहले तक साढ़े चार हजार आवेदन जमा हुए है। वहीं 10 अप्रैल से शुरू हुई आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया पोर्टल के धीमे चलने की वजह से दिक्कत बन गई है। जिले की दस आत्मानंद स्कूलों में आवेदन की प्रक्रिया पांच मई तक चलने वाली है।

उल्लेखनीय है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आरटीई यानी शिक्षा का अधिकार योजना संचालित की जाती है। इस योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पहली कक्षा में लॉटरी के माध्यम से आवेदन करने वाले बच्चों को दाखिला दिया जाता है। हालांकि इस योजना के तहत शहर की कुछ स्कूलों में ही दाखिले के लिए दिलचस्पी दिखाई देती है। जबकि अधिकांश स्कूलों में रिक्त सीटें भी नहीं भर पाती। वहीं दूसरी ओर दो साल पहले शुरू हुई आत्मानंद स्कूलों को लेकर रूझान लगातार बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि इन स्कूलों में भी रिक्त सीटों से चार-पांच गुना आवेदन देखने को मिलते हैं।

### एक ही स्कूल में आवेदन

आत्मानंद स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया को लेकर प्रदेश स्तर पर एक आदेश जारी किया गया था। जिसके अनुसार सभी जिले में सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के एडमिशन के लिए सेजेस पोर्टल से शुरू की जाएगी। इसके लिए प्रवेश के लिए आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक कर सकते हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय के लिए ही आवेदन कर सकेगा। जिले में कुल 10 आत्मानंद स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।




### 15 जून से दूसरा चरण

दूसरे चरण में नवीन स्कूल पंजीयन एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 से 30 जून, छात्र पंजीयन 1 से 8 जुलाई, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 से 15 जुलाई, लॉटरी एवं आबंटन 17 से 20 जुलाई, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 22 से 31 जुलाई एवं वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाइन दावा प्रक्रिया 1 से 30 अगस्त 2024 तक निर्धारित की गई है।

### दस्तावेजों की जांच

प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जारी समय सारिणी के अनुसार प्रथम चरण में छात्र पंजीयन 15 अप्रैल तक ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद 18 अप्रैल तक नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की जाएगी। वहीं लॉटरी निकालने की प्रक्रिया 17 मई को शुरू होगी। लॉटरी एवं आबंटन 20 से 30 मई एवं स्कूल दाखिला प्रक्रिया 1 से 30 जून तक है।

## पहले विधानसभा और अब लोकसभा चुनाव से रफ्तार पड़ी सुस्त

# तीन जिलों में 11 हजार राजस्व मामले लंबित, आचार संहिता से रूकी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद शासन ने सभी जिलों को राजस्व मामले तेजी से निपटाने के निर्देश दिए थे। हर जिले में हजारों की संख्या में पेंडेंसी को कम करने के क्रम में राजनांदगांव सहित दोनों नए जिले में भी नए कलेक्टरों की अगुवाई में कुछ तेजी देखने को मिली, परन्तु इसके बावजूद अविभाजित राजनांदगांव जिले में राजस्व संबंधित पौने 11 हजार मामले लंबित पड़े हुए हैं। पहले राजस्व की सुस्त चाल और अब लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता के कारण इन मामलों की सुनवाई अटक गई है। ऐसे में फरियादियों को अपने न्याय के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी नवंबर-दिसंबर महीने में विधानसभा चुनाव होने के चलते राजस्व संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं हो पाई थी। जिसके चलते भी लंबित मामलों की संख्या में इजाफा देखने को मिला था। वहीं राजनांदगांव जिले में बीते डेढ़ साल में भी लंबित मामलों की संख्या में लगातार इजाफा देखने को मिला है। राजस्व संबंधित किसी भी प्रकरण में न्याय के लिए पहुंचने वाले फरियादियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कई दफा शिकायतें भी सामने आई, परन्तु उसके बाद भी कोई असर राजस्व महकमे की कार्यप्रणाली पर देखने को नहीं मिला है।

### खास बातें

- पिछले डेढ़ साल में लंबित मामलों की संख्या बढ़ी
- राजस्व महकमे की कार्यप्रणाली से आम जनता परेशान
- बिना चढ़ोत्तरी नहीं हो रहा कोई काम



### दफ्तर सूने, नहीं मिल रहे अफसर

इधर आचार संहिता के चलते राजस्व महकमे के अधिकांश दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। चुनावी ड्यूटी का कारण बताकर आला अफसर से लेकर निचले कर्मचारी तक दफ्तर से गायब है। ऐसे में लोगों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

### राजनांदगांव में सर्वाधिक पेंडेंसी

राजस्व मामलों की पेंडेंसी के मामले में राजनांदगांव टॉप के जिलों में शामिल है। राजनांदगांव जिले में कुल 6382 राजस्व के मामले पेंडिंग हैं। वहीं खैरागढ़ जिले में 3186 और मोहला-मानपुर जिले में 1325 मामले पेंडिंग है। लंबित मामलों में नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन और डायवर्सन के मामले अधिक हैं। इनका निराकरण करने में अधिकारियों को कई महीने लग जाएंगे। स्थिति तो यह है कि अब चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद ही लंबित मामलों की सुनवाई हो पाएगी।

### हर काम के लिए रेट कार्ड फिक्स!

इधर राजस्व महकमे में किसी भी काम के लिए बिना चढ़ोतरी फाईल ही आगे नहीं बढ़ रही है। हालत यह है कि हर काम के लिए एक रेटकार्ड तैयार कर लिया गया है। पिछली सरकार में भी इसी तरह की शिकायत आने पर भाजपा नेताओं ने कहा था कि सरकार बदलने के बाद हालत बदलेंगे, लेकिन सत्ता परिवर्तन का असर यहां नहीं दिखाई दे रहा है। ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए पांच हजार, सीमांकन-बटांकन के लिए 15 से 20 हजार रुपए तक की मांग पटवारियों द्वारा की जा रही है।

**लगातार लोग लगा रहे चक्कर:** राजस्व न्यायालयों में जिन लोगों के आवेदन लंबित हैं, वे लगातार अधिकारियों से संपर्क कर समस्या के निराकरण का जवाब मांग रहे हैं। अधिकारी उन्हें यही बताकर चलता करते रहे कि चुनाव आचार संहिता लगी है और सारे अधिकारी चुनाव संपन्न कराने में लगे हैं। आचार संहिता 6 जून तक रहेगी, इसके बाद ही प्रकरणों की सुनवाई होगी।

# आरक्षक भर्ती की फर्जी नियुक्ति मुख्य आरोपी पुलिस गिरफ्त में

## दो आरोपियों पर पूर्व में पुलिस कर चुकी है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस आरक्षक भर्ती की फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इससे पूर्व दो आरोपियों पर कोतवाली पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी संतोष कुमार धुर्वे 47 वर्ष साकिन ग्राम नवागांव कंवर थाना गातापार ने 25 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2017-18 में निकले पुलिस आरक्षक भर्ती में इसके पुत्र रूपेश ध्रुर्वे एवं गांव के चंद्रपाल नेताम को पुलिस आरक्षक के पद पर आरोपी अब्दुल हुसैन खान निवासी पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव, पियुष वडेरा चिखली राजनांदगांव व अमित सिंह निवासी भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नौकरी लगाने का झांसा देकर घटना 12 मई 2018 से 23 जनवरी 2024 के मध्य अलग-अलग तिथियों में महावीर चौक राजनांदगांव एवं रायपुर शहर में बुलाकर इसके पुत्र रूपेश के नाम पर 3,25000 रुपए एवं चंद्रपाल नेताम से 2,00000 रुपए कुल 5,025000 रुपए लिया गया। पुलिस आरक्षक के पद पर चयन होने का फर्जी नियुक्ति पत्र एवं पुलिस वर्दी कपड़ा देकर धोखाधड़ी करना पाए जाने से आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।




इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में विवेचना के दौरान पूर्व में 26 जनवरी को आरोपी पियुष वडेरा शिक्षक कॉलोनी वार्ड नं. 5 व अमित सिंह 40 वर्ष एलआईजी-312 हाऊसिंग बोर्ड जामुल थाना को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

प्रकरण में मुख्य आरोपी अफजल हुसैन पिता मस्ताक हुसैन 50 वर्ष साकिन वार्ड नं. 33 दिग्विजय वार्ड के पास को 15 अप्रैल को अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जो जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# चुनाव ट्रेनिंग से लौट रहा प्राचार्य ट्रेलर की चपेट में आया

- वाहन की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



ख़ैरागढ़ में आयोजित चुनाव ट्रेनिंग में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे ढाबा हाईस्कूल के प्राचार्य विजयलाल रजक 14 अप्रैल को नर्मदा और चकनार के बीच ट्रेलर वाहन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार विजयलाल रजक करीब साढ़े छह बजे चुनाव ट्रेनिंग लेकर वापस पेंडरवानी जा रहे थे, जब वह नर्मदा क्रॉस कर आगे बढे, तब उनके पीछे कवर्धा जा रही दो ट्रेलर थे। जिसमें से एक ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वह रक्त रंजित होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान कार से गुजर रहे एसपी ऑफिस में कार्यरत कर्मचारी ने मदद किया।

चकनार के यशवंत पटेल, डुनेश्वर जंघेल, नोपाल जंघेल, प्रदीप जंघेल, रेखलाल पटेल, केदार वर्मा की मदद से उन्हें गंडई हास्पिटल लाया गया, जहां शिक्षक ने दम तोड़ दिया।

### सदमे में परिजन

मृतक शिक्षक विजयलाल रजक की आयु करीब 55 वर्ष थी। उन्होंने चकनार स्थित स्कूल में अपनी सेवा दिया था। वर्तमान में वह ढाबा हाईस्कूल में प्राचार्य थे। उनका एक लड़की और एक लड़का है। इस अप्रत्यशित घटना से परिवार को गहरा आघात लगा है।

# मध्यप्रदेश की 39 पेटी गोवा व्हिस्की शराब के साथ दो आरोपी पकड़ाए, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त टीम ने गांव में दबिश देकर एक वाहन से 39 पेटी गोवा व्हीस्की शराब जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी की की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, चाकूबाजों एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है।



### आरोपियों की तलाश

प्रकरण के एक अन्य आरोपी राजू साहू बुधवारीपारा डोंगरगढ़ घटनास्थल से फरार है। जिसका तलाश जारी है। उक्त शराब तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों के सबंध में बारिकी से जांच पड़ताल की जा रही है। नाम सामने आने पर गिरफ्तारी की जानी है।

### घेराबंदी कर पकड़ा

ग्राम लेड़ीजोब में मुकेश के घर में अवैध शराब डंप होने व शराब लाने के लिए उपयोग किए वाहन को घर के सामने खड़ी होने की सूचना पर टीआई सीआर चंद्रा द्वारा अपनी टीम एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा व अन्य स्टॉप के साथ ग्राम लेड़ीजोब आरोपी के घर पहुंचकर घेराबंदी की। आरोपी मुकेश जंघेल 34 साल ग्राम लेड़ीजोब एवं महेन्द्र वर्मा 24 साल मोहारा को पकड़कर आरोपी मुकेश के घर से एवं टाटा सफारी वाहन से कुल 39 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश निर्मित छग सरकार को बिना टैक्स चुकाए शराब एवं 90 लीटर महुआ लहान कीमती 208260 रुपए एवं टाटा सफारी वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 34(2) 36 आबकारी एक्ट कायम कर गिरफ्तार किया।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
Dr. Siddhi Sainik
MBBS, MD, Obstetrics, Gynecology
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## मंदिरों में भक्तों की भीड़, लग रहे माता के जयकारे

# महाअष्टमी आज, श्रद्धा भक्ति से मंदिरों में होगा हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत श्रद्धाभक्ति का माहौल है। कल मंगलवार को महाअष्टमी पर्व पर मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन किया जाएगा। इसके साथ ही जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही अंचल में श्रद्धाभक्ति का माहौल है। इस अवसर पर मंदिर व आसपास परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योती कलश प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है।

मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़, शहर के शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, महामाई मंदिर, किलापारा दुर्गा मंदिर, ब्राम्हणपारा काली मंदिर, पुराना बस स्टैंड काली माई मंदिर, मां भानेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बन रही है।

मंदिर परिसर में जसगीत सहित अन्य विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इधर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में दिन-रात भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भक्त विभिन्न साधनों से जहां डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। वहीं कई भक्त पदयात्रा करते डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में भक्तों की उपस्थिति से मेला सा माहौल है। माता के जयकारों की गूंज बनी हुई है। पदयात्रियों के आवागमन के चलते डोंगरगढ़ पहुंच मार्ग के ग्रामीण इलाकों में चहल-पहल का दौर बना हुआ है।

अष्टमी हवन पश्चात कन्याओं को भोजन कराने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। मंदिर एवं घरों में कन्याओं की पूजा-अर्चना कर उन्हें भोजन ग्रहण कराया जाएगा। इसके पश्चात ज्योति-जंवारा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली जाएगी। तालाब में श्रद्धा भक्ति के साथ जंवारा विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान शहर के मां शीतला मंदिर परिसर बूढासागर घाट में भक्तों की सुबह से देर शाम तक उपस्थिति बनी रहेगी। वहीं जसगीतों की गूंज रहेगी।




### हवन पश्चात जंवारा विसर्जन का सिलसिला

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत कल मंगलवार को महाअष्टमी पर्व है, जिसे लेकर व्यापक तैयारियां घर व मंदिरों में की जा रही है। अष्टमी पर मंदिर परिसर एवं घरों में भी विधि-विधान से हवन पूजन किया जाएगा। शहर के सिटी कोतवाली के पीछे प्राचीन मां महामाई मंदिर में इस पर्व पर 175 मनोकामना जयोति कलश स्थापना किया गया है। मंदिर में पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया।



## खबर संक्षेप



### मौसम में फिर आया बदलाव

**सड़क अतरिया।** दो दिन तक मौसम खुलने के बाद सोमवार को फिर उसमे बदलाव देखने मिला। दोपहर अचानक आसमान पर काला बादल छा गए तथा तेज गर्जना के साथ बारिश होने लगी। बेसमय हो रही बारिश से सब्जी उत्पादक किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

### नर्मदा मंदिर में अष्टमी हवन आज

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर में चैत नवरात्र पर्व भक्तिभाव से



मनाया जा रहा है। पहले दिन से हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर माता रानी के दर्शन एवं पूजन कर रहे हैं। रविवार को नर्मदा मंदिर परिसर में रायपुर निवासी अनिता सचिन जंघेल ने भंडारा एवं जगराता का आयोजन किया। कल मंगलवार को यहां अष्टमी हवन होगा। प्रातः 11 बजे अनुष्ठान आरंभ होगा। इसी प्रकार शीतला मंदिर, बंजारी मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर, चोरणाधाम में महाष्टमी मनाया जाएगा। नर्मदा में बुधवार शोभायात्रा निकाल कर ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा। मंदिर समिति ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### गुहाराज निषाद की जयंती मनी



**राजनांदगांव।** निषाद समाज राजनांदगांव ने भगवान श्रीरामचंद्र के बाल सखा महाराज गुहाराज निषाद की जयंती जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, एसआर निषाद, सुशीला निषाद, विजय निषाद, सोनीराम निषाद, बसंत लारिया, सोहन निषाद, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पदमिनी निषाद, संगठन सचिव हेमलता निषाद व ओमलता निषाद की उपस्थिति में मनाया गया। राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि श्रृंगवेरपुर के महाराज गुहाराज निषाद का जन्म भगवान श्रीराम से 4 दिन पहले चैत्र पंचमी को हुआ था, जो इस वर्ष यह तिथि 13 अप्रैल को राजनांदगांव में जिला कार्यालय निषाद सामाजिक भवन कौरिनभाठा में जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर चंद्रिका लारिया, दुर्गा निषाद, जमुना निषाद, पन्ना निषाद, रेवा निषाद, तिजिया उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव की दिनों-दिन बढ़ रही हलचल

# मिसेस बघेल और बेटी, गांव-गांव पहुंचकर लोगों से मांगा समर्थन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लॉक के ग्राम बड़गांव ,चारभाठा पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल, सुपुत्री स्मिता बघेल और किसान नेता गुलाब वर्मा ने जनसंपर्क किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री बघेल ने मुख्यमंत्री रहते किसानों, मजदूरों की आर्थिक उन्नति के लिए कई काम किए थे जिनकी नकल अब भाजपा वाले कर रहे हैं। छत्तीसगढ़िया वाद को बढ़ावा देकर छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि श्री बघेल दिल्ली पहुंचकर राजनांदगांव ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ की आवाज बनेंगे। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, चुम्मन साहू, युवराज साहू, मुरली निषाद आदि उपस्थित थे।

#### महंगाई की मार से जनता बेहालः वर्मा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाब वर्मा आदि ने गत दिनों सांगिनकछार, अड़ाम, दर्राबांधा, तेंदूनाला, जामसरार, साकरीपार, करेठी पहुंचकर ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम लोगों को जीना मुहाल हो गया है। मंहगाई चरम पर है और हालत यह हो गई है कि रसोई गैस के दाम जहां एक हजार के आसपास है तो गरीबों को चूल्हा जलाने के लिए पेट्रोल के दाम पर मिट्टीतेल खरीदना पड़ रहा है। सरकार ने स्टेशनरी, दूध, दही, पनीर, कफन पर भी जीएसटी थोप दिया है।

#### कांग्रेस नेता का बेटा भाजपा में



**खुज्जी।** शक्ति केन्द्र तुमड़ीकसा, राना मटिया, माटराखुज्जी बूथ के प्रभारी, बीएलओ टू, शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक आदि की बैठक आयोजित किया गया। बैठक लेने पहुंचे भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर जनहितैषी काम कर रही है। भाजपा सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किया है जिसका सीधा लाभ गांव, गरीब और किसानों को मिल रहा है। उन्होंने अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता को भाजपा में प्रवेश दिलाया जिसमें कांग्रेस नेता लीलाराम साहू का पुत्र गजेन्द्रभी शामिल है। बैठक में भूपेन्द्र नायक, गोपाल पडौती, डामन साहू, भीष्म उर्वशा, कपिल बघेल, गोविंद साहू, डेमन साहू, नीलकंठ साहू, विरेन्द्र, नागेन्द्र नेताम, गोपाल बघेल, दिलीप, मोती सहित अन्य उपस्थित थे।

#### बूथ में एक्टिव रहे कार्यकर्ता

**अंबागढ़ चौकी।** भाजपा मंडल अंतर्गत आने वाले बांधाबाजार-दाऊटोला जोन की बैठक ग्राम ब्राम्हणलंझिया में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल शामिल हुए। श्री चंदेल ने कार्यकर्ताओं से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने कहा। कार्यकर्ताओं को विधानसभा प्रभारी रविंद्र वैष्णव, जोन प्रभारी अरुण यादव ने भी संबोधित किया।बैठक में ढालसिंह कौशिक, आशीष द्विवेदी, शंकर तिवारी, रामाधार हिरवानी, गौरव शर्मा, नेहरू रजक, उमादेवी तिवारी, तीजूराम साहू, चंदन उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## डाक मतपत्र से पचास लोगों ने किया मतदान



**खैरागढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किए हैं। इस सुविधा केंद्र में निर्वाचन ड्यूटी में लगे अब तक कुल 50 लोगों ने डाक मतपत्र द्वारा मतदान किया।

सोमवार को कुल 35 लोगों ने डाक मतपत्र से वोट किया। गौरतलब है कि डाक मतपत्र के लिए 2 स्थानों पर सुविधा केन्द्र स्थापित किए गए थे। जिसमें केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ और सेजेस कन्या विद्यालय खैरागढ़ में सुविधा केन्द्र शामिल है।

## सड़कों पर मवेशियों का जमघट



**मुरमुंदा।** नवरात्र मेला के चलते बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आ जा रहे हैं। गांव-गांव की सड़क पर मवेशियों का झुड़ बैठे रहने पर हादसा होने की आशंका बनी हुई है। मुरमुंदा चौक में हमेशा मवेशियों का झुड़ देखा जा सकता हैं। हादसे की आशंका होने के बाद भी मवेशियों को सड़क से हटाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है जबकि हाईकोर्ट के आदेश बाद राज्य सरकार ने सड़कों से मवेशियों को हटाने के निर्देश जारी किए है किन्तु अधिकारियों द्वारा आदेश पर अमल करते हुए अब तक अभियान शुरू नहीं किया गया है। इसी प्रकार राजनांदगांव से डोंगरगढ़ रोड पर भी मवेशी बैठे दिखाई देते हैं। इसी प्रकार गांव की गलियों में भी मवेशी का डेरा रहता है। मुड़पार- डुंडेरा मेढा रोड पर दिन भर मवेशी जमे रहते है।

## जांच चौकी में दल तैनात नहीं राहगीरों को हो रही परेशानी



**सड़क अतरिया।** शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव कराने के लिए राज्य, जिला एवं थाना सरहदों के मध्य अस्थाई जांच चौकी बना कर वाहनों की जांच किया जा रहा है। इसी कड़ी में पखवाड़े भर पहले चकनार नर्मदा के मध्य वाहनों की जांच करने बेरिकेट्स लगाया गया है पर अब तक यहां जांच दल तैनात नहीं हुआ है।

बेरिकेट्स बना कर यूं ही छोड़ दिया गया है। रात्रि में इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को बेरिकेट्स का अंदाजा नहीं रहता और वह दुर्घटना का शिकार होते बच जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जांच चौकी में कोई दल नहीं है जिससे किसी रात लाईट जलती है तो कभी अंधेरा छाया रहता है। अंधेरा होने पर राहगीरों की परेशानी बढ़ जाती है। वाहन चालकों ने बताया कि अंधेरा होने से कई बार बेरिकेट्स का अंदाजा नहीं रहता है जिससे उन्हे परेशानी होती है।

#### एक किमी में जांच चौकी

उक्त जांच चौकी से करीब एक किलोमीटर आगे अतरिया नर्मदा के मध्य अस्थायी जांच चौकी बनी है। यहां दिन और रात के लिए अलग अलग दल नियुक्त है। यहां सतत रुप से वाहनों की जांच किया जा रहा है।

# निर्धारित समय तक शहर के वार्डों में करें सफाई

### निगम आयुक्त ने स्टेशनपारा व गौरीनगर वार्ड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने शनिवार को तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 12 स्टेशनपारा एवं वार्ड नं. 13 गौरीनगर में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर स्कूलों में मतदान केन्द्र देख आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। स्टेशनपारा एवं गौरीनगर में साफ-सफाई का जायजा लेकर हाजिरी रजिस्टर की जांच कर कहा कि बिना कारण कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित न रहे तथा निर्धारित समय तक साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गलियों व सड़कों की नियमित सफाई कर कचरा उठाएं, अपने घरों के आसपास साफ-सुथरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण कर कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में डालने लोगों को समझाईस दें। साथ ही पदयात्री मार्ग स्टेशनपारा रोड में प्रतिदिन समुचित साफ-सफाई रखे। इसके अलावा आम्बेडकर मूर्ति व सामुदायिक भवन के आसपास साफ-सफाई कर चूना लाईन डालने के निर्देश दिए।

#### विद्युत व्यवस्था पर भी रखें नजर

निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधोसंरचना मद अंतर्गत स्टेशनपारा शिक्षक नगर में चल रहे रमाबाई परिसर में आम्बेडकर सामुदायिक भवन निर्माण एवं नूरी मस्जिद गली गौरीनगर में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली-निर्माण का जायजा लेकर कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौरीनगर स्कूल एवं बापू प्राथमिक शाला स्टेशनपारा में मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर शौचालय की साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था करने, पोलिंग बूथ के लिए आवश्यक व्यवस्था करने तथा केन्द्र क्रं. लिखाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में पदयात्रियों के आने एवं आम्बेडकर जयंती को ध्यान में रखते स्टेशनपारा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

#### परिणाम जारी, नवमीं में मीनाक्षी प्रथम

**पटेवा।** स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा में कक्षा 9वीं एवं 11 वीं की वार्षिक परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित किए गए। कक्षा 9 वीं का परिणाम 60, कक्षा 11वीं का 78, कला संकाय 61, गणित 100, बायो 84, वाणिज्य संकाय 100 एवं कृषि संकाय का परिणाम 83 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में मीनाक्षी प्रथम, लक्की वर्मा द्वितीय रहे। कला संकाय में एनिशा, गणित में अदिति साहू, बायो.में खेमराज, वाणिज्य संकाय में निशा सेन, कृषि संकाय में पायल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य एचके साहू, परीक्षा प्रभारी डीके सेन, एच माहिलकर, शिक्षक पीएल वर्मा, बी ठाकुर, श्रीमती एम लदेर, जे वर्मा, यूआर देवांगन, आरके वर्मा, श्रीमती एल साहू, पी सोनी, कमलेश चंदेल,रोहित वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

#### पोस्टर से दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

**राजनांदगांव।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वाहनों, एटीएम, घर-घर सहित विभिन्न स्थानों पर स्वीप का संदेश पोस्टर के माध्यम से चस्पा किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान करने प्रेरित करने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

### गांवों में गूंजा जय भीम का नारा, हुए विविध आयोजन

# जयंती पर संविधानवेत्ता को अनुयायियों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

समीपस्थ ग्राम थैलीटोला में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शाम को गांव में गाजे - बाजे और आतिशबाजी के साथ बौद्ध समाज के लोगों ने रैली निकाल गली भ्रमण किया।अंबेडकर और बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कीरत कुमार गणवीर ने पंचशील शरण कर बुद्ध वंदना किया।

रात्रि में भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर विजय कुमार, अजय कुमार, दिपांशु, सरिता नंदागौरी, अन्नूबाई, सुनैना नंदागौरी, कृष्णा रामटेके, किशोरी रामटेके, सुशीला बाई, रेणुका, पूनम, हेमा, शीला, सुरेश कुमार, लक्ष्मीकांत, नीरज, उमा गणवीर, गायत्री गणवीर, मीक्षा, तुकाराम गणवीर, नागेश्वर, रजनीश, मयंक, प्रत्यक्ष, कांतिबाई, उर्वशी गणवीर, विद्याश्री गणवीर, रेशम, आशीष, सुलोचना, जीविका, आरण्व, भग्गूलाल, भावेश, चिंकी, देवकुवंर, सुकवारोबाई, रामसाय, मनोज, विशाल, अनिता, बिरझा बाई आदि उपस्थित थे।





#### अनुयायियों ने काटा केक



**मोहला।** औंधी क्षेत्र में आंबेडकर जयंती केक काटकर एवं पुजा पाठ कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने डां. अंबेडकर के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी ने उन्हे याद करते हुए नमन किया।

#### दर्री में निकाली झांकी

**खुज्जी।** संविधान वेत्ता डॉ भीमराव आंबेडकर की 133 वी जयंती खुज्जी, दर्री, बेंदरकटा में धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के बौद्ध समाज के लोगों ने आम्बेडकर भवन में पूजा अर्चना कर बाबा को याद किया। ग्राम दर्री के सामाजिकजनों ने बाबा की झांकी निकालकर भ्रमण किया। रात्रि में अम्बेडकर भवन में भाषण के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष कपिल गौरकर, सचिव रविन्द्र चौरे, सुद्दोधन सोनटेके, ओमप्रकाश रामटेके, यशवंतराव रँगारी, ललित मेश्राम, संदीप घोडेसवार आदि शामिल हुए।

## भाजपा सरकार ने स्वीकृत किया 18 लाख गरीबों का आवास : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



आमाटोला में आयोजित आमसभा को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के बारे में सिलसिलेवार ढंग से बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में 18 लाख आवास के निर्माण को रोकने के अलावा धान के अंतर की राशि को 4 किश्तों में दिया गया।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने 18 लाख आवास को स्वीकृति देने के साथ महतारी वंदन योजना लागू किया। इस अवसर पर भाजपा के स्थापना काल से जुड़े 98 वर्षीय हल्बाराम जाड़े का श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। सभा को पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिपं अध्यक्ष गीता साहू, मदन साहू, रविन्द्र वैष्णव, दिलीप वर्मा, गुलाब गोस्वामी, अरुण यादव ने भी संबोधित किया। संचालन भारत भूषण राजपूत ने किया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### यज्ञ-हवन के साथ होगी नवरात्रि पूर्णाहुति 17 को

**राजनांदगांव।** गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि के नौ दिनों तक अखंड मंत्र, जाप, पूजा-पाठ सहित ध्यान, साधना, आराधना, उपासना के पश्चात अंतिम दिन आगामी 17 अप्रैल को नवरात्रि महापूर्णाहूति का आयोजन किया गया है। इस दिन मंदिर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार संपन्न किए जाने का भी कार्यक्रम आयोजित है। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक की गई वेद माता गायत्री व आदि शक्ति जगज्जननी दुर्गा भवानी की पूजा-आराधना, ध्यान, साधना, उपासना का फल साधक को कई गुणा रूप में मिलता है। इस वजह से ही मातारानी की शान में यज्ञ-हवन व पूर्णाहूति का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। ट्रस्टीद्वय सहित गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने बताया कि 17 अप्रैल नवरात्रि नवमी तिथि को सुबह 9 बजे आयोजित पांच कुडीय गायत्री महायज्ञ व महापूर्णाहूति कार्यक्रम में गायत्री परिजनों व सनातन धर्मियों को अधिकाधिक संख्या में यज्ञ-हवन कार्यक्रम में शामिल होने तथा अपने नौ दिनों की तपसाधना की फल प्राप्ति हेतु गायत्री महायज्ञ में आहूति प्रदान कर वेद माता की कृपा प्राप्त करने की अपील की है। महायज्ञ कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी व्यवस्थापक ओमप्रकाश द्वारा दी गई है।



### तिलई स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला तिलई में हायर सेकंडरी स्कूल के गणित व्याख्याता श्रीकेश शर्मा द्वारा नवरात्रि अवसर पर बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत स्वादिष्ट न्यौता भोज कराया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बालक-बालिकाओं को न्यौता भोज अंतर्गत खीर, पूड़ी, पापड़, दाल, भात और स्वादिष्ट सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य आरके जोशी एवं हायर सेकंडरी स्कूल के सभी व्याख्याता, शिक्षक-शिक्षिकाओं, मध्यान्ह भोजन समूह तथा रसोईया का सहयोग सराहनीय रहा। ज्ञात हो कि दोनों शालाओं में हर सप्ताह बच्चों को न्यौता भोज का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। उक्त जानकारी शा.प्रा. शाला के प्रधान पाठक एम. यादव ने दी।



### 83 साल की उम्र में पढ़ा रहे बच्चों को

**बांधाबाजार।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के अतिथि शिक्षक भारत सिंह चौहान का जन्मदिन मनाया गया। श्री चौहान 2003 में चालीस साल तक शिक्षक की नौकरी करने के बाद सेवामुक्त हुए थे। शाला समिति के अनुरोध पर बीस वर्षों से शिशु मंदिर में अपनी सेवा दे रहे हैं। प्राचार्य देवेन्द्र मिश्रा तथा विद्यालय के दीदियों ने सुखमय जीवन की कामना करते हुए बधाई दी।

### भाजपा प्रत्याशी पांडे आज कवर्धा विस क्षेत्र में

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। श्री पांडे अपना जनसम्पर्क अभियान कल 16 अप्रैल को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के डेढ़ दर्जन ग्रामों में प्रवास पर रहेंगे तथा जनसंपर्क अभियान ग्राम लिमो से शुरू करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल सुबह 10 बजे अपने जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत लिमो पहुंचने के पश्चात ग्राम भेदली, कुटकीपारा, जिंदा, दुबहा, धरमपुरा, मानिकचौरी, पिपरिया, बिरकोना, परसवारा, पालीगुढ़ा, कोठार, चरडोंगरी, बांझीमौहा, जेवडन पहुचेंगे, फिर वे शाम 7 बजे कवर्धा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे एवं रात्रि विश्राम कवर्धा में करेंगे। इस दौरान जिले के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



### आयुर्वेद चिकित्सा का मेगा शिविर 20 से

**राजनांदगांव।** बीते कुछ महीनों में जिस तरह राजनांदगांव-रायपुर में मेगा शिविरों के माध्यम से लगभग 1000 लोगों को लाभ हुआ और हो रहा है। लोगों के इस आयुर्वेद के प्रति उनके लगाव और विश्वास को देखते और भी उस लगाव और विश्वास को सुदृढ़ करने और आगे बढ़ाने के लिए आप हमसे और हम आपसे और जुड़ सकें और इस केरल एडवांस आयुर्वेद चिकित्सा का आगे और भी विस्तार कर सकें, इसलिए इस बार 20, 21 और 22 अप्रैल को दुर्ग (हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, सिटी बस स्टैंड) में मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष तौर पर हड्डी व नस से संबंधित रोग जैसे साइटिका, स्लिप डिस्क, नस दबना, घुटना घिसना व अन्य बीमारियों का इलाज पूर्णतः केरल एडवांस आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से इलाज किया जा सके।




एक अनूठी और अभिनव संकल्पना सीमाहीन स्वीप कार्यक्रम

# मतदान के लिए जागरूक करने दो राज्यों ने मिलकर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने एक अनूठी पहल करते अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम की योजना बनाने के उपलक्ष्य में हाथ मिलाये और पहली बार ऐसा वक्त रहा, जब दो राज्यों के जिलों ने एक ऐतिहासिक पहल करते मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को नए आयाम प्रदान किए हैं। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी मजदूरों को मतदान करने जागरूक करने का था।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, जिला पंचायत सीईओ गोंदिया, परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह, जनपद सीईओ डोंगरगढ़ दिव्या ठाकुर, जनपद सीईओ छुरिया नारायण बंजारा, राजनांदगांव एवं गोंदिया जिले की स्वीप टीम सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।




#### ग्रामीण क्षेत्रों में सघन अभियान

अंतर्राज्यीय स्तर पर दो जिलों ने आपसी समझ एवं समन्वय से पलायन करने वाले श्रमिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने एक इबारत लिखी है। इसके साथ ही नए मतदाताओं या ऐसे मतदाता जो किसी कारण से मतदान करने में वंचित हो गए हो, उन्हें लक्षित करते मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें एमएमएस करने के साथ ही मतदान करने फोन के माध्यम से सूचना दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।

#### बागनदी पुल पर हुए एकत्रित

यह कार्यक्रम डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत बागनदी पुल पर आयोजित किया गया और दोनों जिले के मतदाता अपने-अपने जिले से रैली के रूप में निकले और बागनदी पुल पर एकत्रित हुए। मिलने पर उन्होंने एक-दूसरे को गुलाब के फूल भेंट कर स्वागत किया। साथ-साथ रैली के रूप में मंच तक पहुंचे। मंच पर उपस्थित अधिकारियों ने मतदाताओं को हिंदी, छत्तीसगढ़ी एवं मराठी में संबोधित किया। इसके बाद प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ मराठी में भी मतदाता शपथ दिलाई गई। आम तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में कम मतदान होता है और मतदाताओं, विशेषकर प्रवासी मतदाताओं का मनोबल बढ़ाने इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं, इसलिए राज्य में पहली बार दोनों जिलों ने अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया।

## चिखली के शिव मंदिर में अष्टमी हवन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति दीनदयाल उपाध्याय कालोनी वार्ड नंबर 6 चिखली स्थित शिव शक्ति सार्वजनिक काली माता मंदिर में सार्वजनिक रूप से 31 मनोकामना कलश रखा गया है।

मंदिर समिति द्वारा कल 16 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से अष्टमी हवन का कार्यक्रम और नौ कन्या को भोजन कराने के पश्चात प्रसादी वितरण की जाएगी। वहीं दूसरे दिन 17 अप्रैल को शाम 6.30 बजे मंदिर परिसर से ज्योति कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो चिखली शीतला माता मंदिर तालाब में कलश विसर्जन किया जाएगा। तत्पश्चात मंदिर परिसर में वापस पहुंचकर श्रद्धालुओं को भोजन कराया जाएगा। समिति ने सभी भक्तगण परिवार के साथ शिव शक्ति सार्वजनिक मंदिर पहुंच माता का प्रसाद और आशीर्वाद ग्रहण करने की अपील की है।

## देश की सुरक्षा के लिए मोदी सरकार जरूरी : अग्रवाल



**राजनांदगांव।** भाजपा विधानसभा के चुनाव प्रभारी संतोष अग्रवाल ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए आज मोदी सरकार प्रथम आवश्यकता बन चुकी है। इसके पूर्व की सरकारों में देश की सुरक्षा व्यवस्था से पूरा देश परिचित है।

उन्होंने कहा कि उन्हें एक घटना जो मनमोहन सिंह कार्यकाल में घटी थी, जिस पर देश विश्व जगत में शर्मसार हुआ था। उन्होंने बताया कि 2009 का आईपीएल भारत में नहीं दक्षिण अफ्रीका में हुआ था और वजह थी कि चुनाव होने के कारण, भारत सरकार ने सुरक्षा के लिए मना कर दिया था। कहा था कि हालात ऐसे हैं कि देश में चुनाव हो रहे हैं और हम आईपीएल मैचों के दौरान सुरक्षा नहीं दे सकते हैं। अब दिमाग से सोचो कि कैसी सरकार रही होगी, जो अपने ही देश में आयोजन हो रहा है और उसके लिए वह सुरक्षा नहीं दे सकते थे। मजबूरी में इस पूरे टूर्नामेंट को दक्षिण अफ्रीका में करना पड़ा था। उस समय देश में हालात इतने खतरनाक थे कि हर दिन किसी न किसी राज्य में बम धमाके होते थे, सिक्योरिटी पूरी तरह से लेप्स थी। ट्रेन में, मंदिर में, बस में, बस स्टेशन पर हर जगह धमाके होते थे।

श्री अग्रवाल ने कहा कि आज मोदी सरकार आने के बाद आप हालत देख लीजिए। वहीं भारत की सेना है, वहीं राज्यों की पुलिस है और वहीं भारत के नागरिक है, हर तरफ शांति है।

## कांग्रेस के न्याय पत्र के सामने जुमला है मोदी की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

केंद्र में 10 वर्ष से बैठी मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव को देखते मोदी की गारंटी रूपी कपोलकल्पित संकल्प पत्र जारी किया, जिस पर कटाक्ष करते छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी शाहिद भाई ने लोकसभा वाररूम प्रभारी जितेंद्र मुदलियार, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे के साथ पत्रकारवार्ता लेकर शाहिद भाई ने न्याय पत्र और मोदी की गारंटी का सिलसिलेवार तुलनात्मक व्याख्या करते कहा कि एक तरफ कांग्रेस ने जहां किसानों को एसपीपी की गारंटी और कर्ज माफी सहित कृषि यंत्रों व खाद-बीज को जीएसटी मुक्त करने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा ने किसानों के प्रति अपना फिर से अड़ियल रवैया अपनाते एमएसपी की कोई ठोस बात नहीं की है।

उन्होंने कहा कि 2019 में आजादी के अमृतकाल के 75वें वर्ष में 75 वादे करते संकल्प पत्र जारी किए थे। जिसमें 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने 2 करोड़ प्रतिवर्ष रोजगार देने, सभी गरीब परिवार को मकान देने, लघु एवं सीमांत किसान को 60 वर्ष बाद पेंशन। जिसका कोई अता-पता नहीं है। एक तरफ 25 करोड लोगों को गरीबीरेखा से ऊपर उठाने का दावा बीजेपी करती है। वहीं दूसरी ओर अपने दावों को ही 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करने के रूप में झूठलाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस ने देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को नियंत्रित करने की बात अपने न्याय पत्र में की है। वहीं भाजपा द्वारा इस पर कुछ नहीं कहा गया है। जातिगत जनगणना के संबंध में कांग्रेस ने अपना स्पष्ट रूख प्रदर्शित किया है। भाजपा ने जिस प्रकार अपने जुमलेबाजी की परंपरा का निर्वहन करते इस बार भी संकल्प पत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर केंद्र और राज्य के बीच के रोड़ा को समाप्त करने में असफल भाजपा जनधन खाते की बड़ी-बड़ी बात कर रही है। जबकि अधिकांश खाते बंद है।




महादेव ऐप के नाम पर कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने का घिनौना खेल भी भाजपा कर रही है। जबकि महादेव पर पहली कार्रवाई छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने करते 710 बैंक खाता फ्रीज कर 72 मामले दर्ज कर 449 लोगों को गिरफ्तार किए। इस महादेव को आज भी भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है, यहां तक फ्यूचर गेमिंग जैसे कंपनी से भाजपा 1300 करोड़ का इलेक्ट्रोल बॉंड लेकर उन्हें भी संरक्षित करने का काम किया है। भाजपा की कुनीतियों के चलते आज देश 215 लाख करोड़ के कर्ज में है और विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी है।

### भाजपा विधायक अनुज आज संसदीय क्षेत्र के दौरे में

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के समर्थन में भाजपा के धरसींवा क्षेत्र के विधायक छालीवुड अभिनेता रहे पद्मश्री अनुज शर्मा कल 16 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र के पांच स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार अनुज शर्मा कल दोपहर 2 बजे डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेंडरवानी तथा दोपहर 3 बजे ग्राम तिलईरवार में पहुचकर ग्रामवासियों से जनसंपर्क करते चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह राजनांदगांव विधानसभा के रेवाडीह में शाम 5 बजे, कन्हारपुरी में शाम 6 बजे एवं नंदई में 7 बजे पहुचेंगे। इन तीनों क्षेत्रों में आयोजित चुनावी सभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को कमल फूल छाप पर मुहर लगाने का आग्रह आमजनों से करेंगे।

## काकड़ आरती से शुरू साईं महोत्सव

- भक्तों ने सांई पालकी का किया स्वागत

**राजनांदगांव।** सांई दर्शन नगर राजनांदगांव स्थित श्री सांई बाबा मंदिर का 10वां स्थापना दिवस बीते रविवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह 5.30 बजे सांई बाबा की काकड़ आरती, सुबह 7 से 9 बजे तक सांई बाबा की अभिषेक-पूजा पं. शशांक झा ने संपन्न कराया। दोपहर 12.30 बजे सांई बाबा की मध्यान्ह आरती हुई। तत्पश्चात सांई प्रसादी (भंडारा) का आयोजन अपरान्ह 4 बजे तक चलता रहा।

संध्या 5.30 बजे सांई बाबा की भव्य पालकी गाजे-बाजे के साथ मंदिर स्थित बाबा की द्वारिकमाई से निकाली गई। मोहल्लेवासियों ने सांई के स्वागत के लिए घरों के सामने रंगोली बनाई थी। जैसे ही पालकी उनके घर के सामने पहुंचती, बाबा के भक्त बाबा की



आरती उतारते और नारियल, नैवेद्य अर्पित करते और पालकी में चलते जनसमूह को शर्बत पिलाते, सांई की पालकी में चलते बाबा के भक्त डीजे और धुमाल की धुन में जमकर थिरके, बाबा की पालकी सांई दर्शन नगर, लक्ष्मी नगर, जीवन कालोनी होते वापस 8 बजे सांई मंदिर पहुची। संध्या 8 बजे सांई बाबा की धूप आरती हुई। संध्या 8 बजे से विशाल सांई भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 8.30 से हरि सत्संग भजन मंडली राजनांदगांव द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। बाबा के भक्त सांई भजनो का आनंद लेते जमकर नाचे। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी बाबा का दर्शन लाभ लेने मंदिर पहुंचे। सभी कार्यक्रमों में सांई भक्तो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांई बाबा मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने साईं भक्तों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### 17 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में आगामी 17 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं।







## राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ी चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आठवीं राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा का आयोजन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के तत्वावधान में सेक्टर-9 भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय के आडिटोरियम में किया गया। जिसमें प्रदेश के 18 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट कैडेट, जूनियर, अंडर-21 वर्ग के खिलाड़ियों के विभिन्न वजन वर्ग के बीच आयोजित की गई। उक्त टूर्नामेंट में राजनांदगांव जिला कराते संघ के 15 खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते 5 स्वर्ण, 7 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी 8 से 12 मई तक देहरादून में कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित ऑल इंडिया कराते चैम्पियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ राज्य की टीम के साथ रवाना होंगे।

पदक विजेता खिलाड़ियों को राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, अंतराष्ट्रीय कराते



खिलाड़ी गुंडाधुर अवॉर्डी अंबर सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, उपाध्यक्ष शेंशाई कमल पूजन ने शुभकामनाएं दी। पदक विजेता खिलाड़ियों में अनुष्का अरेवार काता में रजत पदक एवं कुमिते में कांस्य पदक, रंजीत सिंह राजपूत कांस्य पदक, सुधा साहू कांस्य पदक, ईशभ सिंह स्वर्ण पदक, तरुण साहू रजत पदक, वेगिता अग्रवाल स्वर्ण पदक, संतोषी कोसले स्वर्ण पदक, मोनिका पाढ़ी स्वर्ण पदक व काता रजत पदक, दुर्गेश साहू स्वर्ण पदक, सूर्यकांत वर्मा कांस्य पदक, करन साहू रजत पदक, टिकेश्वर साहू कांस्य पदक। इस प्रकार राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने कुल 15 पदक जीतने में कामयाबी हासिल की है और जिले का मान बढ़ाया है।

### दिव्या व भीमा बने समाज सेवक संघ के जिलाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** समाज सेवक संघ के दुर्ग संभाग की अध्यक्ष समाजसेविका इंजीनियर स्वाती देवांगन ने दिव्या वर्मा को केसीजी जिले का जिला अध्यक्ष पद पर एवं भीमा साहू को राजनांदगांव जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। दिव्या वर्मा के खैरागढ़ प्रस्थान करने एवं वहां स्वनिवास में रहने के कारण रिक्त पद पर भीमा साहू को नियुक्त किया गया है। सीजी जिले के वर्तमान अध्यक्ष खुलेन्द्र साहू को दुर्ग संभाग का सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर संघ के अध्यक्ष संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष नैमिन देशमुख ने हर्ष व्यक्ति किया है। इन सभी नियुक्तियों पर प्रियांशु सिंघल, भुनेश्वरी साहू, हिमलेश्वरी ठाकुर, भूमिका साहू, वंदना सिन्हा, भूवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशी ध्रुव, मधु फाफा, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, करिना धनकर, सरस्वती वर्मा, अमीत पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, रोहिनी पटेल, पायल यादव, अभिजीत सरकार, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबिता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू ने शुभकामनाएं दी।



## रायपुर से जबलपुर तक चलेगी वंदेभारत ट्रेन

- गोंदिया, बालाघाट रूट पर शुरू होगी पहली ट्रेन
- राजनांदगांव से पांच घंटे का लगेगा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे ने अब महाकौशल और छत्तीसगढ़ को वंदेभारत एक्सप्रेस को जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। जिससे राजनांदगांव से जबलपुर की दूरी महज पांच घंटे रह जाएगी। यह ट्रेन शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उपलब्ध रहेगी।

रेलवे ने इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन आईआरसीटीसी ने रेलवे बोर्ड के निर्देश बताते दोनों ही जोन को सूचित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से महाकौशल को जोड़ने के लिए सीधी ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण यात्रियों को लंबा सफर तय कर बिलासपुर, कटनी रूट से जबलपुर पहुंचना पड़ता था। गोंदिया से जबलपुर रेल लाईन का काम पूरा होने के बाद से यह मांग उठ रही थी कि रायपुर से गोंदिया, बालाघाट होते हुए जबलपुर के लिए ट्रेन शुरू की जाए। यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते रेलवे ने इस रूट पर वंदेभारत ट्रेन चलाने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। समय सारिणी तैयार कर ली गई है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शीघ्र ही तारीख की घोषणा भी हो जाएगी।



**भक्तिमय:** दादा-परदादा व 5 पीढ़ियों से खप्पर लेकर निकलते रहे हैं

# कवर्धा स्थित मां दंतेश्वरी आदि शक्ति मां दुर्गा का ही रूप है

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्राचीनतम सिद्धपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर रियासत काल में राजा ही प्रमुख होते थे, और प्रायःधर्म एवं संस्कृति उनकी मान्यताओं के प्रतिबिम्ब हुआ करते थे। कवर्धा में रियासत की स्थापना स्व. महाबली सिंह द्वारा सन 1751 में की गई, उस समय ग्रामवासियों द्वारा ग्राम देवी के रूप में केवल माता देवालय या महामाई की पूजा अर्चना किया जाता था, परन्तु रियासत की स्थापना के बाद राजपरिवार द्वारा कुल देवी मां दंतेश्वरी की स्थापना नगर की सीमा में की गई। जबकि नगर मध्य में मां शीतला की स्थापना की गई उस समय वर्तमान जैन मंदिर के पास राजमहल हुआ करता था।

इतिहासकार आदित्य कुमार श्रीवास्तव में बताया कि मां दंतेश्वरी नाम की कथा पर जाएं तो इसकी मान्यता इस प्रकार है मां दंतेश्वरी आदि शक्ति मां दुर्गा का ही रूप है। दक्ष यज्ञ के पश्चात सती ने जब देह त्याग किया था तब मोहग्रस्त भगवान शंकर उनके पार्थिव देह को लेकर घूम रहे थे, तब विष्णुजी ने चक्र चलाकर उस पार्थिव शरीर को खंड खंडकर दिए थे। सती के मुख से दांत महारण्य के इस पौराणिक क्षेत्र में गिरे थे और दंतेवाड़ा क्षेत्र में दंतेश्वरी देवी प्रकट हुई थीं। उन्ही के अंश स्वरूप मां दंतेश्वरी की मूर्ति यहां भी स्थापित की गई। इसीलिए इस मंदिर से भी खप्पर निकालने की परम्परा बनी हुई है। दंतेश्वरी मंदिर के पूजारी स्व. देवीसिंह 68 वर्षीय ने सन 2005 में इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव को मंदिर की जानकारी देते हुए बताया था कि वे 1969-70 से खप्पर धारण कर निकल रहे हैं। इनके पूर्व इनके दादा-परदादा व 5 पीढ़ियों से खप्पर लेकर निकलते रहे हैं, जिनमें सबसे पहले स्व.नेपाल सिंह, सुपुत्र स्व. बखारी सिंह उनके बाद सुपुत्र स्व. उम्मेद सिंह उनके बाद सुपुत्र स्व. झामसिंह और उनके बाद स्व. देवीसिंह निकलते रहे हैं। स्व. देवीसिंह ने बताया था कि कवर्धा में 9 शक्तिपीठ और 8 भैरव हैं जिन पर खप्पर भ्रमण के दौरान एक एक नारियल चढ़ाते हैं, लेकिन मां दंतेश्वरी में जोड़ा नारियल चढ़ाया जाता है क्योंकि इस मंदिर में एक अन्तर्मुखी काली माता और एक दंतेश्वरी मां विराजमान हैं। इसीलिए भक्तजन इस मंदिर में जोड़ा नारियल चढ़ाते हैं। प्रारम्भ में मूल मंदिर में गर्भगृह प्रवेश द्वार के बायीं ओर के कमरे में विकराल प्रतिमा स्थापित है, जहां हमेशा ताला बंद रहता है केवल पूजारी पूजा-अर्चना करने जाता है, कहा जाता है इसी कक्ष में नवरात्रि में बलि के लिए भैंसा छोड़ दिया जाता था और सुबह वह कक्ष खाली मिलता था। मां की मूर्ति की विकरालता को देखकर हर कोई सहन नही कर पाता था, इसलिए वर्तमान गर्भगृह में बाद में मां दंतेश्वरी की सौम्य मूर्ति स्थापित की गई। गर्भ गृह के प्रवेश द्वार में एक ओर सरस्वती मां तथा दूसरी ओर सिंदूर वदन गणेश जी बने हुए हैं। मां के ठीक सामने प्रांगण में भैरव देव की काले पत्थर में बनी प्रतिमा स्थापित है। इसी प्रतिमा के सम्मुख देवीसिंह के कार्यकाल में पीतल की चतुर्भुजी शंकर जी की मूर्ति की स्थापना हुई। नीचे तल में पीतल की चतुर्भुजी महाकाली मुंडमाला धारण किए हुए बाएं ऊपर हाथ में त्रिशूल दाहिने हाथ में कटार नीचे दांएं हाथ में खप्पर धारण की हैं। ठीक पीछे काले पत्थर में पूर्वमुखी चतुर्भुजी विकराल महाकाली कानों में कुंडल आंखे विस्तृत भयंकर है रूप लिए स्थापित की गई है।

### 1974-75 से प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि में ज्योत ज्वांरा ज्योति की शुरुआत हुई



स्व. राजा धर्मराज सिंह के काल में प्रतिवर्ष के स्थान पर मां दंतेश्वरी मंदिर में 2 वर्ष के अन्तराल में तीसरे वर्ष ज्योत ज्वांरा ज्योति जलाने की परम्परा प्रारम्भ हुई। 1974-75 से प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्रि में ज्योत ज्वांरा ज्योति की शुरुआत हुई। इस मंदिर में राजपूत व क्षत्रीय पूजारी की परम्परा है, ब्राह्मण पूजारी रखने की नहीं, संभवतः इसके पीछे बलि प्रथा कारण रहा हो। मां दंतेश्वरी मंदिर में राज परिवार के प्रत्येक राजा दशहरा पर्व एवं नवरात्रि पर्व में दर्शन पूजन करने पैदल ही आया करते थे। आज भी इस वंश के राजा योगेश्वरराज सिंह पर्वों में पूजन हेतु आते हैं। पाली मोहल्ले में स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर की पूजा व्यवस्था में पूजारियों का सहयोग वर्षों से पाली समाज के लोग कर रहे हैं एवं खुद को धन्य समझ रहे हैं। आप भी मां दंतेश्वरी का दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त कर सकते हैं।

# गुरु घासीदास साहित्यिक, सामाजिक शिरोमणि रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए दौलत कश्यप

- विगत दो दशक से अधिक समय से समाज सेवा के लिए यह सम्मान दिया गया।





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मध्यप्रदेश की स्वयं सेवी संस्था गोपाल किरण द्वारा पूर्व लोकपाल कबीरधाम एवं बेमेतरा एवं अध्यक्ष आस्था समिति दौलतराम कश्यप को उनके द्वारा विगत 28 वर्षो से अधिक समय से संवेदनशीलता के साथ सक्रियता पूर्वक समाज के अंतिम व्यक्ति के बीच कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में गुरु घासीदास साहित्यिक सामाजिक शिरोमणि रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान शासकीय जेपी वर्मा महाविद्यालय बिलासपुर में बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 130वीं जयंती के पूर्व संध्या पर गरिमामय कार्यक्रम में दिया गया। देश के विभिन्न प्रांतों से जिसमें महाराष्ट्र, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ आदि के शिक्षाविद साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राजेन्द्र राजन गायकवाड़ सेवानिवृत्त जेलर, अनिता प्रभा मिंज, उपपुलिस अधीक्षक बिलासपुर, डॉ एसएल निराला, प्राचार्य शा जेपी वर्मा महा विद्यालय बिलासपुर, पूर्व मजिस्ट्रेट प्रभाकर एवं प्रकाश निमराजे अध्यक्ष गोपाल किरण के कर कमलों से प्रदान किया गया। श्री कश्यप को समाज सेवा विशेषकर वंचित, शोषित, पिछड़े, महिला, बच्चों, आदिवासी दलित एवं अति पिछड़ी जन जाति, बैगा के बीच संवेदनशील एवं कर्मठता के साथ अनवरत समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी इस कर्तव्य परायणता एवं अनुभव को देखते हुए 2 जिले का लोकपाल मनरेगा के बनाया गया था। बच्चों के अधिकार एवं उनके संरक्षण एवं देखभाल के क्षेत्र में कबीरधाम में 4 हजार से ज्यादा बच्चों को सहायता किया एवं मुंगेली जिला में विगत 03 वर्ष में 1222 बच्चों की सहायता किए। दौलत राम कश्यप की उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न प्रदेशों से शुभकामनाएं दिए। जिसमें मुंगेली जिला से उमाशंकर कश्यप, समिम खान, धमतरी एम जाफर, बिलासपुर गोपाल सिंगरौल, मयाराम जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल, राजीव अवस्थी, जांजगीर चांपा श्याम चंद्रा, संतोषी वर्मा, मितवा, धमतरी एकांत अवस्थी, जशपुर मधुलता पैकरा, गरियाबंद लतिश शर्मा, अंबिकापुर सुशील सिंह, रायपुर संजय शर्मा, सरगुजा मेंहदी यादव एवं आस्था समिति कार्यकर्ता राजेश गोयल, रामानुज पाली, रामाडी पटेल, इंद्राणी यादव, प्रीति सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बूथ लेवल अधिकारी ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**हरिभूमि बरबसपुर।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला कबीरधाम भाग संख्या 145 सिंघनपुरी कवर्धा के बूथ लेवल अधिकारी चंद्रप्रकाश घृतलहरे द्वारा इस बार ग्रामीणों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रचलित नुक्कड़ नाटक अपनाई। जिसमें बूथ लेवल अधिकारी चंद्रप्रकाश द्वारा ग्रामीण व छात्र छात्राओं के साथ गांव में घुम-घुमकर चौक चौराहों में जन-जागरूक मतदाता बनने हेतु वह वोटिंग हेतु प्रेरित करने नुक्कड़ नाटक छात्राओं साथ प्रस्तुत किया गया। नाटक का थीम था जिसमें नुक्कड़ नाटक में मतदाताओं को जागृत करने हेतु प्रश्न पूछा जा रहा था कि मेरे रोजगार का क्या हुआ? क्या हुआ?, मेरे शिक्षा का क्या हुआ क्या हुआ?, मेरे गांव का विकास का क्या हुआ क्या हुआ?, मेरे रोजगार का क्या हुआ क्या हुआ?, महिलाओं पर अत्याचार का क्या हुआ क्या हुआ?, बच्चियों का बलात्कार का क्या हुआ क्या हुआ?, मेरे गांव के सड़क निर्माण का क्या हुआ क्या हुआ? नुक्कड़ नाटक के नाम से प्रश्न पूछते गए उसके बाद नेताओं का प्रलोभन को भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। जिसमें तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें नोट दूंगा, नहीं, तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें शराब दूंगा नहीं, तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हारे जाति का हूं, नहीं, तुम मुझे वोट नहीं दिए तो मैं तुम्हें देख लूंगा नहीं, वह कटाक्ष शब्दों में मोए मोए उपयोग किया गया। तत्पश्चात नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 18 वर्ष जब हो पूरी मतदान करना बहुत जरूरी, मेरा वोट मेरा अधिकार, एक वोट से बने सरकार, भ्रष्टाचार से मुक्ति पाए वोट देने जरूर जाए के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान हेतु अपील करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अभीहित अधिकारी नंदिनी नेताम, ग्रामीण रामजी पटेल, यशोदा बाई, ललिता बाई ध्रुर्वे, गगन निर्मलकर, भारती मांडवी, पूनम, मीनाक्षी, नीतू जानवी, चंचल रितेश, रागनी सहित सभी का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप




### राष्ट्रीय स्तर हैंडबॉल प्रतियोगिता में छात्र सूर्यकांत भास्कर का चयन

**हरिभूमि कवर्धा।** जिला मुख्यालय स्थित यूनिक कान्वेंट हाई स्कूल कवर्धा के छात्र सूर्यकांत भास्कर पिता रामप्रसाद भास्कर कक्षा सातवीं का छात्र जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर हैंडबॉल में चयन हुआ है। इस हैंडबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने 19 अप्रैल को पूरी टीम मुंबई रवाना होगी। यह नेशनल प्रतियोगिता 21 से 24 अप्रैल तक होगा, जिस पर यूनिक कान्वेंट हाईस्कूल के डायरेक्टर प्राचार्य एवं स्पोर्ट टीचर द्वारा छात्र को आशीर्वाद के साथ बधाई व शुभकामनाएं दी।

### नर्मदा मंदिर में अष्टमी हवन आज

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर में चैत नवरात्र पर्व भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। पहले दिन से हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर माता रानी के दर्शन एवं पूजन कर रहे हैं। रविवार को नर्मदा मंदिर परिसर में रायपुर निवासी अनिता सचिन जंघेल ने भंडारा एवं जगराता का आयोजन किया।

## मोबाइल पर वीडियो गेम की लत से गुम होता बचपन



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

दो दशक पूर्व बच्चे खेल-कूद कर ही अपना मनोरंजन करते थे, इससे वह खेलकूद में सजग होने के साथ ही साथ तंदुरुस्त व स्वस्थ रहते थे। लेकिन अब बच्चों को मोबाइल की लत लग गई है, कुछ वर्ष पहले तक कार्टून व विडियो गेम का चलन कम था, लेकिन अब बच्चों को इसकी बुरी तरह से लत लग चुकी है, जो गंभीर है। पहले खेलकूद और बाल पत्रिकाओं से बच्चों का मनोरंजन तो होता ही था। इससे वह तंदुरस्त तो रहते थे साथ ही पढ़ाई के प्रति उनकी रूचि भी बढ़ती थी। अब ऐसा बिलकुल नहीं है। बच्चे पूरी तरह से मोबाइल की गिरफ्त में है। गर्मी की छुट्टी होते ही टीवी व मोबाइल में विडियो गेम तथा कार्टून देखने का दीवानापन और भी बढ़ गया है। इसके बजाएं बच्चों को मैदान ले जाए, जहां वह कोई खेल-खेलता रहे, इसे आदत में शामिल करें। बच्चों के साथ खुद समय बिताए, इससे वह व्यस्थ रहेगा। वहीं घर में बच्चों उनके पेंटिंग, खिलौने, खेल या अन्य प्रकार से मनोरंजन के सामग्री दें, ताकि उसका ध्यान मोबाइल या टीवी की ओर न जाएं। वहीं बच्चों के सामने मोबाइल का उपयोग कम से कम करने की कोशिश करें।

### बच्चों की सेहत और स्वभाव ही बदल रहा

मोबाइल पर लगातार विडियो गेम खेलन और स्क्रीन को देखते रहने से बच्चों के आंखों को नुकसान तो है साथ ही उनमें क्रोध और हिंसक भावनाएं भी बढ़ा रहीं है। अधिकतर गेम हिंसक ही होते हैं, जिसके कारण बच्चों में भी हिंसक प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। घरों में भी बच्चे जिद करना, लड़ाई-झगड़ा और कई प्रकार के हिंसक कार्य को अंजाम दे देते हैं यह गेम्स का ही प्रभाव है।



## विधायक रामकुमार यादव ने विभिन्न ग्रामों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत दर्जनों ग्रामों में जनसंपर्क कर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की समर्थन में प्रचार-प्रसार चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव नें संघन दौरा व जनसंपर्क किया। भारत में 18वी लोकसभा चुनाव होना है सभी पार्टियों ने अपना-अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरा है और सभी पार्टी अपने अपने प्रत्याशी को जिताने एवं भारत के सत्ता के सिंहासन में राजा बैठने जी-जान से जुटे हुए है व भीषण गर्मी में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कांग्रेस ने राजनादगांव लोकसभा से प्रदेश में गरीबों व किसानों की मसीहा कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है, श्री बघेल अपने लोकसभा क्षेत्र में संघन दौरा एव जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इसी कड़ी में रविवार चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव भूपेश बघेल के प्रचार-प्रसार में विधानसभा पंडरिया अंतर्गत दर्जनों ग्रामों में संघन दौरा व जनसंपर्क जिसमें पाण्डातराई, पुतकी, पलानसरी, खैलटुकरी, कुआमलगी, कंझेटा सहित विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस उतरा दिवाकर, प्रभारी सुरजीत बनर्जी, दिनेश पाण्डेय, सुखचैन भास्कर, मुकेश ठाकुर, ध्रुव ठाकुर, माधुरी साहू, राजेश चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, प्रीति हरेंद्र चंद्राकर, रोमी पाल हरचरण सिंह खनूजा, आरती, हेमंत सिंगरौल, हेमलाल यादव, मोचन चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# भाजपा जनहित व देशहित के लिए काम करने वाली पार्टी है: भावना



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोकसभा चुनाव हेतु जनता से भाजपा के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के द्वारा कए गए विकास कार्यों एवं जनहित की योजनाओं के बारे में जनता से संवाद किया एवं ग्राम दशरंगपुर, झिरौनी, इंदौरी, बहरमुड़ा, पनेका, अमलीडीह, डेहरी, गोपालभवना, झलमला एवं खपरी चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जनहित व देशहित के लिए काम करने वाली पार्टी है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव देश का चुनाव है आपका एक वोट विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए बहुमूल्य है इसलिए भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र मोदी की गारंटी में कई अहम घोषणाएं की है, जो भारत की प्रगति व उन्नति को नई गति देने वाला है साथ ही छत्तीसगढ़ के विकास को भी बढ़ाने वाला है। भाजपा का संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब को समर्पित है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाने और उन्हें 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा की घोषणा की है। मुफ्त राशन को आगामी 5 वर्षों तक जारी रखने और 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी योजना के माध्यम से सशक्त बनाने, नई शिक्षा नीति, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने, वन्दे भारत एक्सप्रेस का विस्तार, नारीशक्ति वंदन अधिनियम लागू करने एवं स्वसहायता समूह की बहनों को कौशल प्रशिक्षण देकर, उनके उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने जैसे कई घोषणाएं की है जिनसे भारत व हर भारतवासी को लाभ मिलेगा।

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरा कर रहें हैं उसी प्रकार भाजपा के संकल्प पत्र में की गई सभी घोषणाएं भी पूरी होने की गारंटी मोदी ने दी है। आज छत्तीसगढ़ में विकास के जो कार्य कांग्रेस शासन में ठप्प पड़ें थे उसे पुनः शुरू किया गया। कांग्रेस ने स्वसहायता समूह की बहनों से रेडी-टू-ईट का अधिकार छिनने का काम किया और हमारी सरकार ने उन्हें उनका अधिकार फिर से दिया।

पंडरिया विधानसभा में किसानों को सिंचाई के लिए असुविधा हो रही थी सुतियापाट नहर विस्तारीकरण के कार्य को स्वीकृति मिलने के बाद भी 5 वर्षों तक लटकाया गया, लेकिन अब उसका भूमिपूजन होने सैकड़ों गांव के किसानों को इसका लाभ मिलेगा। दो वर्ष का बकाया बोनस हो या महतारी वंदन योजना का लाभ, किसानों से धान खरीदी और 18 लाख पीएम आवास का वादा महज 100 दिनों के भीतर हमारी सरकार ने इन सभी घोषणाओं को पूरा करके अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को प्रचंड मतों से विजयी बनाने के लिए आप सभी अधिक से अधिक मतदान करें और नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

अंचल व आसपास क्षेत्र में गूंजेगा बाबा गुरु घासीदास का संदेश

# बरबसपुर में तीन दिवसीय सतनाम मेला 21 अप्रैल से



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय समीपस्थ स्थित ग्राम बरबसपुर में 21 से 23 अप्रैल तक तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा गुरु की प्रार्थना कर अच्छे कार्य करने का संकल्प लेगें। सतनाम मेले का शुरुआत गुरु घासीदास की विशाल जैतखाम, अमर ज्योति कलश जो 16 वर्षों से जल रहा हैं व गुरु गद्दी की स्थापना कर मेला का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान गुरु की प्रार्थना करते हुए अनुयायियों ने अच्छे कार्य करने का दृढ़ संकल्प लेगें, मेले में सतनाम पंथ के प्रमुखों व अनुयायियों के द्वारा अमर ज्योति कलश को लेकर भुइयां नापते हुए गुरुदारा में प्रवेश कर मेला का शुभारंभ करेंगे, तीन दिनों तक गांव में गुरु घासीदास बाबा का संदेश गूंजेगा। जिससे सतनाम पंथ समिति अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया की मनखे-मनखे एक समान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न पंथी टोलियों द्वारा जन-जागृति पैदा व मांदर के धुन पर कलाकारों द्वारा सत्य, अहिंसा, शांति, एकता, भाईचारे व सद्भावना के संदेशों का प्रसार सतनाम मेले के माध्यम से मानव समाज को जगाने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा गुरु की प्रार्थना कर अच्छे कार्य करने का संकल्प लें रहे हैं।

### मेले में उमड़ेगा हजारों श्रद्धालुओं का जन-सैलाब

तीन दिवसीय सतनाम मेले में लोगों का जनसैलाब उमड़ेगा। क्योंकि सतनाम पंथ के अनुयायियों के आस्था का प्रतीक बरबसपुर धाम में भव्य गुरुदारा व विशाल जय स्तंभ कुतुब मीनार के तर्ज पर निर्माण हुआ है, जिसको देखने के लिए पंथ के लोग और अन्य समाज के लोग आसपास गांव के लोग दूर-दराज के श्रद्धालु गण पहुंचकर बाबा के दरबार में आशीर्वाद मांगगे, ताकि मनोकामना पूर्ण हो सकें। इस बार बढ़ी सख्या में तरह-तरह के दुकाने लगाई गई जा रही है जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले में झूले, खिलौना, मिठाई और अन्य मनोरंजन का दुकाने सजने लग गई है। सतनाम मेला का मुख्य उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं एक नहीं सभी समाज सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं और आगे बढ़ते हैं। जिसे सत्य को छुपाया नहीं जा सकता देर है अंधेर नहीं क्योंकि बाबा के दरबार में सत्य और अहिंसा का भंडार है।

### 21 से 23 तक तीन दिवसीय अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित

ग्राम बरबसपुर में 21 सें 23 अप्रैल तक तीन दिवसीय मेला में 21 अप्रैल को प्रथम दिवस सुबह 6 बजे गुरुद्धारा परिसर में पूजा-अर्चना व शाम 7.30 से 11 बजे तक सतनाम भजन पंडवानी गायिका समेबाई शास्त्री का सतनाम भजन व रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक अशोक लहरिया व साथी कलकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी जाएगी। वहीं 22 अप्रैल द्वितीय दिवस सतनाम मेला का द्वितीय दिवस को सुबह 6 बजे गुरुद्धारा परिसर में पूजा-अर्चना व रात्रि 8 बजे से 10.30 बजे तक पंथी नृत्य सतनाम भजन गायिका समेबाई शास्त्री का सतनाम भजन व 11 बजे सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत व रात्रि 11 बजे से सुबह 6 बजे तक किरण भारती व साथी कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत दी जाएगी साथ ही साथ 23 अप्रैल समापन समारोह पर जगतगुरु गुरु रुद्र कुमार सतनामी समाज भारतवर्ष के द्वारा सत्य अहिंसा के प्रतीक जैतखाम में श्वेत पालो चढ़ाकर गुरु घासीदास बाबा की अमृत वाणी को जन-जन तक पहुंचाएगें। वही चौका आरती के साथ रात्रि कालीन में पंथी गीत सम्राट गोरेलाल बर्मन द्वारा बाबा की पंथी नृत्य की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**खबर संक्षेप**

### गौरकापा मंदिर में किया गया श्रमदान

**पंडरिया।** ग्राम दुल्लापुर बाजार के आश्रित गांव गौरकापा में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों व पंचायत जनप्रतिनिधि ने श्रमदान कर मंदिर परिसर के चारों ओर सफाई की। ब्लॉक समन्वयक पंचूराम टंडन, पवन तिवारी व नरेश बंजारे ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सफाई अभियान चलाया जाना था। स्वच्छता के लिए मंदिर का चयन करना था। इस पर टीम ने गौरकापा मंदिर का चयन किया, क्योंकि नवरात्रि पर्व चल रहा है। मंदिर में रोज सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर ट्रस्ट के मुख्य महंत विवेक गिरी गोस्वामी ने बताया कि स्वच्छता अभियान बहुत जरूरी है। मनुष्य अपने शरीर को जिस तरह से साफ सफाई रखते हैं। ठीक उसी प्रकार मंदिरों, विद्यालयों, सार्वजनिक जगहों की भी सफाई रखनी चाहिए। श्रमदान करने वालों में सरपंच प्रतिनिधि थानूराम साहू, विकास तिवारी, जिया राम ध्रुव, बेदू भारती व अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

### जिले में बनाए जाएंगे 10 आदर्श मतदान केंद्र

**कवर्धा।** जिले में 10 आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। इसके अलावा 20 महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाएं जाएंगे। इसमें 10 पंडरिया और 10 कवर्धा विधानसभा के लिए होंगे। दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र दो, युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र की संख्या 10 होगी। जिले की दोनों विधानसभा में 402 मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग की जाएगी। पंडरिया विधानसभा में 197 व कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र शामिल है। निर्देशानुसार इस बार आयोग के निर्दे मतदान केन्द्र के अंदर के अतिरिक्त बाहर भी वेबकास्टिंग की जाएगी।

### डीयू ने जारी किए रोके गए परीक्षा परिणाम

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के रोके गए परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी जैव प्रौद्योगिकी चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा-2023 शामिल है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

### महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**पिपरिया।** पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में पुलिस ने छापेमार कार्रवाई आरोपी प्रदीप पिता स्व. शिवप्रसाद निषाद आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम मोहगांव के घर दबिश देकर प्लास्टिक जरीकेन में 6 लीटर महुआ शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 900 रुपए बताई गई है। गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालीन अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

**फैसला:** 77 दिव्यांग और 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे किया मतदान

# जिले में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का श्री गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के मुताबिक राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कबीरधाम जिले के पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के चालीस प्रतिशत से उपर दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग कुल 166 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र घर बैठे मतदान के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कहा जा सकता है कि इस प्रक्रिया के प्रारंभ होने के साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदान का श्री गणेश भी हो चुका है। इन 166 मतदाताओं के घर पहुंचने के लिए आयोग के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय के निर्देश पर आज मतदान दल रवाना की गई थी। आज दोनों विधानसभा में कुल 77 दिव्यांग और 85 वर्ष से उपर बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां बताया गया कि विधानसभा पंडरिया में 18 और कवर्धा में 59 मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा पंडरिया 71 के लिए 3 रूट और 72 कवर्धा के लिए 7 रूट निर्धारित किए गए है। जहां मतदान दल द्वारा मतदान की प्रक्रिया कराई जा रही है। इसके लिए 10 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है, जो मतदान के हर पहलुओं पर नजर रख रही है। 2 माइक्रो आब्जर्वर रिजर्व रखा गया है। इस कार्य की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। आज 81 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाना था। जिसमें 77 मतदाताओं ने मतदान किया, इसमें 03 मतदाता अनुपस्थित और 01 मतदाता की मृत्यु हो गई है। अनुपस्थित 03 मतदाता को 18 अप्रैल को मतदान का दूसरा अवसर दिया जाएगा।

### घर पहुंचकर मतदान का कार्य संपादन आज भी



उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 और 16 अप्रैल को डाक मतपत्र के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांगजनों को घर पहुंचकर मतदान का कार्य संपादित कराया जाना है। डाक मतपत्र संपादित के दौरान राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि, बीएलओ, ग्राम सचिव उपस्थित रहेंगे। समस्त प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी कराई जाएगी। कबीरधाम जिले के 166 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे डाक मतपत्र पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सहमति दी है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले में 166 मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान कार्य कराया जाएगा।

### 85 वर्ष की महिला केशरी गुप्ता ने घर पर किया मतदान, लोगों से की मतदान की अपील

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को सुविधाएं प्रदान की गई है। कबीरधाम जिले के नगर पंचायत बोड़ला निवासी 85 वर्ष की महिला श्रीमती केशरी गुप्ता ने घर पर बैठकर मतदान किया। उन्होंने जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने भी अपील की। श्रीमती केशरी गुप्ता ने अपने घर पर ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जब उनके घर में निर्वाचन कराने मतदान दल पहुंचा तो चर्चा का विषय बना रहा। उन्होने चर्चा करते हुए बताया कि घर बैठे मतदान करने का यह उनका जीवन का सुखद पल था। मतदान करने के बाद उस बुजुर्ग महिला ने जिलेवासियों से आगामी 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की है। इस बार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा मिलने से 85 वर्ष से ऊपर और 40 प्रतिशत से उपर दिव्यांग जनों को बहुत राहत और सुविधा मिल रही है।

# नवनिर्मित मकान में गृह प्रवेश की पूजा के पहले ही लगी भीषण आग

- गैस रिसवा से हादसा, लाखों का फर्नीचर व अन्य सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले के ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों में अग्री दुर्घअनाएं की खबरे लगातार सामने आ रही है।

इसी कड़ी में बीते रविवार को कवर्धा नगर के रामनगर में एक नवनिर्मित मकान में गृह प्रवेश की पूजा के पूर्व ही भीषण आग लगी गई। हालांकि की मकान में आग लगने के बाद सभी लोग सरुक्षित बाहर निकल आए जिससे कोई जनहानि नही हुई लेकिन मकान में रखा लाखों का फर्नीचर तथा दूसरा सामान खाक हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा सिटी कोतवाली अंतर्गत रामनगर कॉलोनी में रविवार को कमलेश्वर चंद्रवंशी के नए मकान में गृहप्रवेश की पूजा होने वाली थी। मकान मालिक श्री चन्द्रवंशी और परिवार के सदस्य इसकी तैयारियों में जुटे थे। वहीं कार्यक्रम में शामिल होने कई महमान भी पहुंचे थे। जिसके चलते मकान में काफी लोगों की भीड़ मौजूद थी। बताया जा रहा है कि महमानो के लिए भोजन बनाने के दौरान रसोई गैस सिलैण्डर से गैस रिसाव होने से अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने भीषण रूप लेते हुए मकान के पड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया।

मकान में आग लगने के बाद सभी लोग भागकर बाहर निकल गए और घटना की जानकारी दमकल अमले को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लेकिन तब तक आग ने अपना काम कर दिया था और मकान में रखा लाखों का फर्नीचर तथा दूसरा समान जलकर खाक हो गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद कवर्धा कोतवाली से पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। बहरहाल इस अग्री दुर्घटना से पीड़ित परिवार सदमे में है।

# आईपीएल क्रिकेट मैच का एक और सट्टेबाज गिरफ्तार

## पंडरिया पुलिस ने नगर से की गिरफ्तारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इन दिनो चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेलने और खिलाने वाले जिलेभर में सक्रिय नजर आ रहे हैं। जिनके खिलाफ जिला पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। हाल के दिनो की बात की जाए तो पिपरिया पुलिस तथा सहसपुर लोहारा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है।

वहीं अब इसी कड़ी में पंडरिया पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले एक सटोरिया को नगर से गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि पंडरिया नगर के हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति मुम्बई इंडिया और सुपर किंग के बीच खेले जा रहे आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहा है।

इस सूचना के बाद तत्काल पंडरिया पुलिस की टीम ने मौके पर दबिस देकर आरोपी सूरज सोनी को सट्टा खिलाते रंगे हांथों दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से नगदी रकम, सट्टा पट्टी तथा मोबाईल फोन जप्त किया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 (सट्टा एक्ट) की धारा 6,7 के तहत विधिवत कार्यवाही की गई है।

# पेपर के ठीक एक दिन पहले अज्ञात कारणों से महाविद्यालयीन छात्र ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाले एक महाविद्यालयीन छात्र ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की जानकारी सोमवार की सुबह होने के बाद इसकी सूचना कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं मामले की जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बम्हनी नवापारा निवासी दुर्गेश कौशिक कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 8 सरकारी अस्पताल के सामने किराए के मकान में रह कर बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। बताया जाता है कि 16 अप्रैल को उसका पेपर था और वह रविवार को ही डोंगरगढ़ से पदयात्रा कर घर लौटा था। जिसके बाद उसने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अपने किराए के मकान में लगे सीलिंग फेन के सहारे फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को सोमवार की सुबह हुई और उन्होने इसकी जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान का दरवाजा खोलकर फांसी के फंदे में झूल रहे मृतक के शव को बरामद कर लिया।

वहीं मर्ग कायम कर अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि छात्र ने आत्महत्या क्यों की? बहरहाल जांच जारी है।

### एसोसिएशन ने मतदान दलों के लिए मूलभूत सुविधाओं के लिए सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर मतदान दलों को मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग किया है। कलेक्टर की ओर से एडिशनल कलेक्टर अविनाश भोई ने ज्ञापन स्वीकर किया। इस विषय पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल से भी चर्चा किया गया है। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा यह जानकारी दिया गया है कि मतदान दल के सदस्यों को भोजन सामग्री की व्यवस्था स्वयं करना होगा। जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि मतदान दल के सदस्य मतदान केंद्र में मतदान तिथि के एक दिन पूर्व ही अपरान्ह चार-पांच बजे पहुंचते हैं, जिसके बाद उन्हें मतदान केंद्र के आस-पास की व्यवस्था देखने के साथ ही प्रपत्रों को भरने के लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता होता है ऐसे में समयाभाव के कारण मतदान दल के सदस्यों को स्वयं भोजन की व्यवस्था करने में कई प्रकार के कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। सुदूर वनांचल क्षेत्रों में तो यह कठिनाई और भी ज्यादा हो सकता है। मतदान दलों के लिए मतदान केन्द्रों में ठहरने, खाद्यान्न, शुद्ध पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, महिला कर्मचारियों के लिए पृथक शौचालय व शयनकक्ष, भोजन बनाने, शयन हेतु गद्दा, तकिया आदि की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को जिला सीईओ के बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव को भोजन व्यवस्था करने का मौखिक निर्देश दे दिया गया है, शहरी क्षेत्र के संबंध में यह व्यवस्था नहीं है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि मतदान दलों के लिए मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधा के लिए शीघ्र ही पत्र जारी किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, राजेश तिवारी, वंदना तागड़े, गोकुल जायसवाल, गौकरण धुर्वे, कमलेश झारिया आदि उपस्थित थे।

### नगर में मनाई गई अम्बेडकर जयंती



**पंडरिया।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वां जयंती नगर पंचायत पंडरिया में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई। इस अवसर पर 14 अप्रैल को प्रातः काल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नवयुवक मंडल शामिल रहा और जय भीम की घोष से नगर गुंजयमान हो गया। तत्पश्चात घोघरापारा जय स्तंभ चौक में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में बाबा साहब के अनुयायी उपस्थित थे। इन सभी ने बाबा साहब की 133 वीं जयंती के अवसर पर केक काटा और एक दूसरे को बधाई दी। तत्पश्चात मंचीय अतिथियों का संबोधन हुआ। जिसमें अनेक वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए कार्यो की जानकारी आत की युवा पीढ़ी को दी। इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षा अधिकारी सुंदर लाल पात्रे, डां.भारती, पार्षद राजकुमार अनंत, पंडरिया अध्यक्ष भागवत डाहिरे, सतनामी समाज के वरिष्ठ नेता राधेलाल भास्कर, सतनामी समाज जिला संरक्षक विजय धृतलहरे चतुर्वेदी, कांग्रेस युवा वर्ग अध्यक्ष चन्द्रभान कोसले, पार्षद खोवा भास्कर, लखन भास्कर, इमरान खान, दिलीप बर्वे, उत्तरा भारतेन्द्ु, लक्ष्मन बांधकर, वरिष्ठ समाजसेवी इन्द्रापाल जोगी, सरपंच डालचंद, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश बंजारे, राजागोयल, दद्दू जांगड़े, वकिल द्वारिका बंजारे, सहायक निरिक्षक मोहनलाल खुटें, अर्जीनविस बंजारे के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हमारा सौभाग्य है कि हम भक्त माता कर्मा के कुल में जन्मेः चोवाराम साहू



**कवर्धा।** जिले की स. लोहारा तहसील अंतर्गत ग्राम कोयलारी में गत 14 अप्रैल को साहू समाज की कुल देवी भक्त माता कार्मा की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के तहत जहां रविवार की दोपहर 12 बजे से स्थानीय भक्त माता कर्मा मंदिर में विधिवत पूजा पाठ, कलश यात्रा व अन्य अनुष्ठानो के साथ मूर्ति स्थापना तथा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्ना कराया गया वहीं शाम को रामायण का आयोजन किया गया। सातों राज के अध्यक्ष छबिलाल साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चतुर साहू, चोवाराम साहू, नीलकंठ साहू, घासी साहू, डरबन साहू, सुखचरण साहू, झा साहू, मदन साहू, बृजलाल साहू, गोवर्धन साहू, गोविंद साहू, मेखा लाल साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग व ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अतिथि चोवाराम साहू ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारा जन्म कृष्ण भक्त माता कर्मा के कुल में हुआ है। यह कर्मा माता का ही पुण्य प्रताप है कि आज साहू समाज समृद्धिशाली है और समाज ही नही अपितु छत्तीसगढ़ प्रदेश और देश की तरक्की में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हमें भक्त माता कर्मा के आदर्शो का अनुशरण करना चाहिए।

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया पैकेंजिंग कार्य का अवलोकन**

# मतदान दलों के लिए तैयार की जा रही किट की पैकेंजिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय परिसर में स्थित स्टॉग रूम पहुंचकर मतदान दलों के लिए तैयार की जा रही मतदान दल कीट की पैकेंजिंग कार्य का अवलोकन किया।

उन्होंने पैकेंजिंग कार्य में लगे नोडल अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान दलों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई कीट का समाग्री अनुक्रमणिका के आधार पर जांच कर ले। इसके अलावा आयोग के निर्देशानुसार मतदान दलों के कीट में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले समाग्रियों को प्रमुखता से मतदान दल कीट में शामिल करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए मतदान दल कीट का पूरी गंभीरता के साथ जांच कर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।



यहां बताया गया कि मतदान दलों के कीट में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 5 प्रकार की समाग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें अमिट स्याही, मेडिकल कीट, 04 प्रकार का पोस्टर, संपर्क बुक और स्केच पेन शामिल है।

मतदाल दल कीट के नोडल अधिकारी ने बतोया कि कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा कवर्धा और पंडरिया के लिए कुल 804 मतदान कीट तैयार की जा रही है। समाग्रियों का अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है।

# उदयपुर राजस्थान की चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ी दिखा रहे जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उदयपुर राजस्थान में ऑलइंडिया हैंडबॉल महिला चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 12 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कवर्धा हैंडबॉल अचीवर्स अकडमी के खिलाडियों का चयन किया गया है जो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों में कनक माली पिता विजय माली, मदीहा अहमद पिता मंजूर अहमद तथा प्रियंका बरवे पिता राधेश्याम बरवे शामिल है। जानकारी के मुताबिक कनक माली हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कप्तान के रूप में अपनी टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त करा कर ऑलइंडिया में अपने टीम का स्थान अर्जित करने में अहम भूमिका निभाई थी वही प्रियंका बरवे ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर तथा मदीहा अहमद ने गोल रोक कर टीम को क्वालिफाई करने में अहम भूमिका निभाई। उदयपुर राजस्थान में चल रहे टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी ने बीकानेर यूनिवर्सिटी को 14 -09 से पराजित किया है। जिनका अगला मुकाबला 16 अप्रैल को दिल्ली के साथ खेला जाना है।



खिलाडियों की इस शानदार सफलता पर जिला के वरिष्ठ पीटीआई दिनेश साहू, पूर्व सह जिला क्रीड़ अधिकारी हाफिज कुरैशी, पूर्व से सह क्रीड़ा अधिकारी श्री मोहोबिया, वरिष्ठ पीटीआई अस्वनी चंद्राकर, वरिष्ठ पीटीआई राकेश नाथ, जिला हैंडबॉल संघ के सचिव एवं कोच मोहम्मद गनी खान, पीटीआई अजय साहू, नंद कुमार साहू, सुमित यादव, क्षतिज शुक्ला एवं समस्त अचीवर्स हैंडबॉल के खिलाडियों को बेहर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।